Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 11 April 2024

Rashtriya Sahara Page - 07

30 शिक्षकों को प्रमाण पत्र

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने विवि के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) और अनुसंधान एवं विकास सेल द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधनों ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने वाले 30 शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

प्रतिभागी शिक्षकों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो.टंडन ने कहा कि ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज की आज के समय में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर सुधीर श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर संदीप कुमार तथा केंद्र के ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के निर्देशक प्रोफेसर गौर हरी बेहरा

■ डीडीयू में ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला

समेत वर्कशाप के सभी सहभागी उपस्थित रहे। एक दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग तीस शिक्षक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

राष्ट्र गौरव का विशेष परीक्षा का फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 तक

गोरखपुर(एसएनबी)। विवि एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष में राष्ट्र गौरव, पर्यावरण एवं मानवाधिकार अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण/छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रगौरव की विशेष परीक्षा करायी जायेगी। परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है।

गत वर्षो में एवं वर्ष-2023 की परीक्षा में स्नातक अंतिम वर्ष में राष्ट्र गौरव, पर्यावरण एवं मानवाधिकार अध्ययन विषय में अनुत्तीर्ण या छूटे हुए अभ्यर्थियों हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आनलाइन परीक्षाफार्म भरने एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क (रू. 2500) जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। जबकि परीक्षाफार्म (हार्ड कापी), शुल्क रसीद एवं नामिनल रोल की दो प्रतियों के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा सामान्य अनुभाग में जमा करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल तक निर्धारित की गई है।

Gorakhpur Super Fast Times

डीडीयू: प्रतिभागी शिक्षकों को कुलपति ने दिया प्रमाण पत्र

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने

विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) और अनुसंधान एवं विकास सेल द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधनों ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रतिभागी शिक्षकों की सराहना करते हुए कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज की आज के समय में बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर सुधीर श्रीवास्तव,कोऑर्डिनेटर प्रोसेसर संदीप कुमार तथा केंद्र के ओपन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर गौरहरि बेहेरा द्वारा विश्वविद्यालय के गुण,अनिवार्यता,अवसर एवं वर्तमान चुनौतियों की विषद विवेचना करते हुए नैक सदस्यों के समूह द्वारा दी गई संस्तुति का भी विश्लेषण किया गया।मानदंड समन्वयक प्रोफेसर दिनेश यादव, प्रोफेसर सुनीता मुर्मू, प्रोफेसर शिखा सिंह, प्रोफेसर मनीष मिश्रा ने भी आगामी मूल्यांकन चक्र तक विश्वविद्यालय द्वारा नैक मूल्यांकन में प्राप्त उपलब्धि में अनवरत सुधार हेतु विभिन्न आयामों पर चर्चा की। इस अवसर पर अपना वक्तव्य देते हुए कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने हेतु गत समय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित नीतियों एवं क्रियाकलापों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संसाधनों के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के मापदंड, नवीन योजनाओं और पाठ्यक्रमों, पुरातन छात्र सम्मेलन, नवीन मूलभूत संरचनाओं, शोध क्षेत्र में नवीन पहल जैसे शोध लेखों के प्रकाशन एवं पेटेंट इत्यादि पर भी प्रकाश डाला। कुलपति ने कहा कि ये सभी नवीन मापदंड नैक सदस्य समूह की संस्तुतियों हेतु अनिवार्य हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने मूक कोर्सेज की निर्माण प्रक्रिया हेतु मार्ग एवं विधियां सुझाई। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
सुपर फास्ट टाइम्स
(कुशीनगर/गोरखपुर/बार

डीडीयू: "नैक मूल्यांकन के बाद के उपाय" विषयक कार्यशाला का कुलपति ने किया शुभारंभ

मुख्य संवाददाता (शाश्वत राम तिवारी)

गोरखपुर। सुपर फास्ट टाइम्स

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा "मेजर्स आफ्टर नैक इवैलुएशन" विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने किया। कार्यक्रम में कुलपति महोदया ने दिसंबर 2023 में आयोजित ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज कार्यशाला के विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक,प्रोफेसर सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने कार्यशाला के प्रतिभागियों से नैक सदस्य समूह की रिपोर्ट साझा की। इस अवसर पर नैक के समन्वयक, प्रोफेसर संदीप कुमार एवं ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर गौरहरि बेहेरा द्वारा विश्वविद्यालय के गुण,अनिवार्यता,अवसर एवं वर्तमान चुनौतियों की विषद विवेचना करते हुए नैक सदस्यों के समूह द्वारा दी

गई संस्तुति का भी विश्लेषण किया गया।मानदंड समन्वयक प्रोफेसर दिनेश यादव, प्रोफेसर सुनीता मुर्मू, प्रोफेसर शिखा सिंह, प्रोफेसर मनीष मिश्रा ने भी आगामी मूल्यांकन चक्र तक विश्वविद्यालय द्वारा नैक मूल्यांकन में प्राप्त उपलब्धि में अनवरत सुधार हेतु विभिन्न आयामों पर चर्चा की। इस अवसर पर अपना वक्तव्य देते हुए कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने हेतु गत समय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित नीतियों एवं क्रियाकलापों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संसाधनों के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के मापदंड, नवीन योजनाओं और पाठ्यक्रमों, पुरातन छात्र सम्मेलन, नवीन मूलभूत संरचनाओं, शोध क्षेत्र में नवीन पहल जैसे शोध लेखों के प्रकाशन एवं पेटेंट इत्यादि पर भी प्रकाश डाला। कुलपति ने कहा कि ये सभी नवीन मापदंड नैक सदस्य समूह की संस्तुतियों हेतु अनिवार्य हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने मूक कोर्सेज की निर्माण प्रक्रिया हेतु मार्ग एवं विधियां सुझाई। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

Swatantra Chetna Page - 02,04,05

ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस पर आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

☐ प्रतिभागी शिक्षकों को कुलपति ने दिया प्रमाण पत्र

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आईक्यूएसी) और अनुसंधान एवं विकास सेल द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधनों ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रतिभागी शिक्षकों की सराहना करते हुए कुलपति

प्रो पूनम टंडन ने कहा कि (और) ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज की आज के समय में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर सुधीर श्रीवास्तव, कोऑर्डिनेटर प्रोसेसर संदीप कुमार तथा केंद्र का ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के निर्देशक प्रोफेसर गौर हरी बहरा समेत वर्कशॉप के सभी सहभागी उपस्थित रहे। एक दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग तीस शिक्षक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

Hindustan Page - 02,08

शिक्षा की गुणवत्ता में 'ओईआर' महत्वपूर्ण

गोरखपुर। डीडीयू की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने आईक्यूएसी और आरडीसी के संयुक्त तत्वावधान में मुक्त शैक्षिक संसाधनों (ओईआर) पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रतिभागी शिक्षकों की सराहना करते हुए कुलपति ने कहा कि ओईआर की आज के समय में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुधीर श्रीवास्तव, समन्वयक प्रो. संदीप कुमार, ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के निदेशक प्रो. गौर हरी बेहरा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मेजर्स आफ्टर नैक इवैलुएशन विषयक कार्यशाला कुलपति ने किया शुभारंभ

☐ कार्यशाला के विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों को वितरित किया प्रमाण पत्र

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को मेजर्स आफ्टर नैक इवैलुएशन विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो पूनम टंडन ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर संदीप कुमार एवं प्रोफेसर गौरहरि बेहेरा के द्वारा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में कुलपति ने दिसंबर , 2023 में आयोजित ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज कार्यशाला के विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईयूएसी) के निदेशक, प्रोफेसर सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने कार्यशाला के प्रतिभागियों से नैक सदस्य समूह की रिपोर्ट साझा की।इस अवसर पर अपना वक्तव्य देते हुए कुलपति, प्रोफेसर पूनम टंडन ने विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने हेतु गत समय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित नीतियों एवं क्रियाकलापों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संसाधनों के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के मापदंड, नवीन योजनाओं और पाठ्यक्रमों, पुरातन छात्र सम्मेलन, नवीन मूलभूत संरचनाओं, शोध क्षेत्र में नवीन पहल जैसे शोध लेखों के प्रकाशन एवं पेटेंट इत्यादि पर भी प्रकाश डाला। कुलपति महोदया ने कहा कि ये सभी नवीन मापदंड नैक सदस्य समूह की संस्तुतियों हेतु अनिवार्य हैं।

इस अवसर पर प्रोफेसर सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने मूक कोर्सेज की निर्माण प्रक्रिया हेतु मार्ग एवं विधियां सुझाई।कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।